Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 09-03-2022 | अंक 163

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## ब्रीफ न्यूज

### खाना बनाने के दौरान झुलसी महिला, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत करसो पंचायत के डूम. रडीह निवासी श्रवण ठाकुर की पत्नी सुनीता देवी उम्र 26 वर्ष खाना बनाने के दौरान आग से झुलस गई। जिसे परिजनों के सहयोग से महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्रा. थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### नाबालिग युवती ने किया विषपान, रेफर

बरही थाना अंतर्गत कोनरा पंचायत के एक नाबालिक युवती ने घरेलू विवाद में आकर विषपान कर लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया । जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### तेल से झुलसा बच्चा



बरही प्रखंड अंर्तगत बरसोत निवासी अजय यादव का दो वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार मंगलवार रात खाना बनाने के दौरान गर्म तेल से झुलस गया। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। परिजनों ने उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार किया गया।

### मोटरसाइकिल के चपेट में आने से युवक घायल, रेफर



चौपारण प्रखंड अंतर्गत केंदुवा निवासी किशोरी प्रजापति का 20 वर्षीय पुत्र कैलाश कुमार बुधवार सुबह 10 बजे टॉल प्लाजा के समीप मोटरसाइकिल के चपेट में आने से घायल हो गया। आस पास के लोगो ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के पिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# झाड़ियों में तब्दील हुआ अब्दुल कलाम पार्क, देख रेख करने वाला कोई नही

## 10 मार्च 2017 को हुआ था उद्घाटन, पूर्व विधायक के प्रयास से बना था पार्क

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क देखभाल के अभाव में झाड़ियों में तब्दील हो गया है। ज्ञात हो की अब्दुल कलाम पार्क का उद्घाटन 10 मार्च 2017 को बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के हाथो संपन्न हुआ था। उद्घाटन के अवसर पर बरही अनुमंडल अधिकारी शब्बीर अहमद, प्रमुख मंजू देवी, प्रखंड विकास पदाधिक. ारी जितराय मुर्मू एवं अंचला. धिकारी संजय कुमार मुख्य रूप से मोजूद रहे थे। पार्क के उद्घाटन के समय वाटर फाउंटेन, लाइट एवं बच्चों के झूलने के लिए कई प्रकार के झूला लगाया गया था। और जगह जगह पर बैठने के लिए शेड का निर्माण किया गया था जिसकी सुंदरता देखते बनती थी। जहां बरही के आस पास के लोग शाम में सपरिवार पार्क में टहलने के लिए आते थे। लेकिन वही पार्क आज देख रेख के अभाव में झाड़ियों में तब्दील हो गया है। बच्चो का झूला गायब हो गया है, जगह जगह पर बड़ी बड़ी झाड़ियां हो गई है। लोग आज कल इस पार्क में शराब पीने एवं जुआ खेलने आते है। लेकिन बरही प्रशासन इन सब बातो से पूरी तरह बेखबर है । अगर बरही प्रशासन चाहे तो इस पार्क को फिर से गुलजार बना सकती है। क्या कहते है समाजसेवी **अपेम के मुख्य संरक्षक सह व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी ने कहा** कि पार्क का देख रेख ना होने के अभाव में पार्क झाड़ियों में तब्दील हो गया। साथ ही उन्होंने कहा कि शुरुआत में जिस प्रकार की सुविधा थी वर्तमान में सारा सुविधा खत्म हो चुका है। **सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान** ने कहा कि शुरुआत में इस पार्क की व्यवस्था बहुत सुन्दर थी । वाटर फाउंटेन, बच्चो के लिए झूले, राहगीरों के बैठने के लिए शेड का निर्माण किया गया था। लेकिन सही ढंग से रख रखाव ना होने के कारण पार्क की स्थिति बद्तर हो गई है। वहीं **भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा** एपीजे अब्दुल कलाम पार्क बरही अनुमंडल का पहला पार्क है। पुर्व विधायक मनोज यादव के कार्यकाल में इस पार्क का निर्माण किया गया था जिसे लाखो के लगता से बनाया गया था। जिसकी सुंदरता देखते बनती थी लेकिन दुर्भाग्य की बात है की पार्क अब धीरे धीरे झाड़ियों में तब्दील हो रहा है। **वहीं बरही एसडीओ पूनम कुजूर** ने अपना ब्यान देते हुए कहा की मैं इस पार्क में मरम्मती कार्य को लेकर मैं बहुत जल्द डीसी से चर्चा करूंगी। और मैं प्रयास करूंगी की इस पार्क में जो भी कमियां है वो उसे जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। ताकि फिर से बरही के लोग इस पार्क का लुत्फ उठा सके।









पार्क की स्थिति को दिखाता अपेम लाइव न्यूज की एक रिपोर्ट

# कोडवठिया टोला के ग्रामीणों ने रेलवे से की आवागमन के लिए अंडर पास की मांग

## पुर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने धनबाद रेलवे मंडल प्रबंधक से मिलकर सौपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बुधवार को रेलवे मंडल प्रबंधक धनबाद से मिलकर बरही केदारुत पंचायत के कोदवठिया टोला के ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापण के माध्यम से उन्होंने बताया कि केदारुत पंचायत में एक कोदवठिया टोला है, जहां लगभग 30 घर है । जिसका आबादी लगभग 600 है। इन ग्रामीणों का आने जाने का एक मात्र रास्ता था । जहां रेलवे मार्ग किमी 29/6.7 में रेलवे पटरी बिछाया गया है। शुरुआत के समय से ही सभी ग्रामीण रास्ते को लेकर रेलवे विभाग को लिखित आवेदन देकर आवागमन के लिए अंडरपास या फ्लाईओवर की मांग करते आ रहे है । पर रेलवे विभाग की और से अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इस गांव के ग्रामीण रेलवे मार्ग के 29/6.7 से होकर ही आवागमन कर रहे थे। लेकिन दिनांक 3 जनवरी 2022 को रेल विभाग की और से उक्त रास्ता को बंद कर दिया गया है। जिससे इस गांव के ग्रामीणों का मार्ग बंद हो चुका है। जिससे इन सभी ग्रामीणों को आने जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । यहां के लोग मूल भूत सु. विधाओं से वंचित हो गए है। यहां तक कि इस गांव के ग्रामीणों का जीवनयापन का एकमात्र साधन कृषि कार्य एवं दूध उत्पादन भी बंद हो गया है। बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज यादव ने रेल विभाग से आग्रह किया है की इस समस्या को देखते हुए कोडरमा हजारीबाग रेलवे मार्ग के किमी 29/6. 7 में अंडरपास या फ्लाइ ओवर बनाया जाय। मांग करने वाले में पूर्व मुखिया बिशेश्वर यादव, उदय यादव,रंजीत यादव, टेकलाल यादव सहित कई लोग शामिल है।



ग्रामीणों के साथ ज्ञापण सौपते पूर्व विधायक मनोज यादव

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## पुस्तक को अपना मित्र बनाएं , पुस्तक रूपी मित्र आपका साथ कभी नही छोड़ेगा : डॉ संजय वर्णवाल

### पुस्तकालय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में मौजूद छात्राएं

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की ओर चल रहे पुस्तकालय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पुस्तकालय की पूरी टीम बुधवार को प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बरही पहुंची। ट्रस्ट की ओर से पुस्तकालय विद्यार्थियों के लिए कितना जरूरी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो डॉ संजय वर्णवाल एवं संचालन स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट के सचिव कृष्णा प्रजापति ने किया। इस कार्य कार्यशाला में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविकांत ओम, पुस्तकालय के उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद दुबे , ट्रस्ट के उपाध्यक्षा सह इतिहास के व्याख्यता डo संगीता चौधरी, हिंदी विभाग के एचओडी प्रोफ़ेसर हिरामन साहू, शिक्षाविद सुनील कुमार दत्ता कार्यशाला में शामिल रहे। कार्यशाला में कार्यकारी अध्यक्ष डo संजय वर्णवाल एवं सचिव कृष्णा प्रजापति ने स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय सह वाचनालय की व्यवस्था एवं महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि पुस्तकालय नियमित 11 बजे से 1 बजे तक एवं 3 बजे से 6 बजे तक खुलता है। इन अवधि में विद्यार्थी लोग पुस्तक लेकर पढ़ सकते हैं। सारी व्यवस्था निशुल्क की गई है। कहा कि पुस्तक को अपना मित्र बनाएं , पुस्तक रूपी मित्र आपका साथ कभी नही छोड़ेगा कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यक रविकांत ओम ने कहा कि पुस्तकालय विद्या का मंदिर होता है। वहाँ जाकर ज्ञान अर्जन करने से बौद्धिक विकास होता है। इसलिए हर शिक्षा विद को पुस्तकालय के विकास के बारे में सोचना चाहिए। वही उपाध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी एवं महेंद्र प्रसाद दुबे ने पुस्तकालय के विकास एवं भावी रणनीति से अवगत कराया। कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का भंडार होता है। ज्ञानार्जन के लिए पुस्तकालय एक सशक्त माध्यम होता है। डo संगीता चौधरी ने बच्चियों को कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह आदि सामाजिक कुरीतियों से भी अवगत कराया। मौके पर राज आर्यन उर्फ छोटी, शिक्षको में सज्जाद अहमद, ज्योति कुमारी, संजय पासवान, सुनीता कुमारी, मोनिका कुमारी, बिनोद कुमार, कमलेश कुमार सिन्हा, खेमराज ठाकुर, रेणु देवी, रामचंद्र हजाम, राजेश पांडेय एवं छात्राओं में रिया कुमारी, नेहा कुमारी, नाज प्रवीण, प्रियांशु कुमारी, रिफत रोजी, सोनाली कुमारी, तानिया कुमारी, सुजाता कुमारी, नुजहत प्रवीण, प्रीति कुमारी, राब्या खातून, मुस्कान कुमारी, जिन्नत फिरदौस , सहगुफता नूरी, अन्नु कुमारी, सिमरन प्रवीण, सफ़ीना प्रवीण, नूर आइशा, तलक फातिमा, शीतल कुमारी, नूर फातिमा, खुशी कुमारी, सीमा कुमारी एवं सैकड़ों छात्राएं मोजूद थे।




## रंगदारी मांगने एवं अवैध कब्जा करने के मामले में पूर्व प्रमुख व पसस प्रतिनिधि सहित तीन पर प्रथमिकी दर्ज

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

गौरियकर्मा निवासी दिव्यांग बासुदेव महतो ने बरही थाना में प्रखंड के पूर्व प्रमुख गिरधारीलाल यादव, वर्तमान पंचायत समिति सदस्य अर्जुन यादव एवं उनके पुत्र विकास यादव के खिलाफ रंगदारी मांगने, अवैध रूप से कब्ज करने तथा धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्रथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्रथमिकी में सूचक ने बताया कि वे दिव्यांग हैं। पिछले 38 वर्षो से मैं गौरियकर्मा चौक पर खाता संख्या 01 प्लoट संख्या 8444 रकबा 03 डिसमिल जमीन पर करकेट का घर व दुकान बनाकर रह रहा हूँ और अपना परिवार का गुजर बसर कर रहा हूँ। करकेट के स्थान पर पक्का घर बनाना चाहता हूं। लेकिन उपरोक्त आरोपीगण पक्का मकान बनाने नही दे रहे हैं। पक्का मकान बनाने के एवज में 8 लाख रंगदारी की मांग कर रहे है। नही देने पर 25 फरवरी को सभी लोग मेरे घर मे घुस गए और हमलोगों को बाहर कर जबरन घर पर कब्जा कर लिए हैं। वे लोग हमारे जमीन को हड़पना चाहते हैं। कहा कि उक्त लोगों से उन्हें जान माल का खतरा है। सूचक ने पुलिस प्रशासन से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। प्रथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। अनुसंधान की जिम्मेवारी लक्ष्मण बाबोंग को मिला है।

## केश कलाकार सैलून संघ ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन, एक दूसरे को दी होली की शुभकामनाएं



होली मिलन समारोह में शामिल लोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

केश कलाकार सैलून संघ के द्वारा बरही प्रखंड परिसर में स्थित अब्दुल कलाम पार्क में मंगलवार को होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्षता प्रदेश सचिव रमेश ठाकुर एवं संचालन बरही अनुमंडलीय अध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने किया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे को गले लगाया। वहीं प्रदेश सचिव रमेश ठाकुर ने उपस्थित सभी लोगो को संबोधित करते हुए कहा की होली एक महत्वपूर्ण त्योहार है। जिसे भारतवर्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।। इस त्योहार में लोग सारे गिले शिकवे को दूर कर एक साथ एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामना देते हैं। मौके पर मुख्य रूप से सचिव गणेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुबोध ठाकुर, संगठन मंत्री पप्पू ठाकुर, सूचना मंत्री संजय ठाकर, मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, संतोष ठाकुर, गणेश ठाकुर, कोडरमा आजसू पार्टी के जिलाउपाध्यक्ष नरेश ठाकुर, समाजसेवी नितेश ठाकुर, उमेश शर्मा, अमित शर्मा, व्यास पासवान, केश कलाकार सैलून संघ कोडरमा जिलाध्यक्ष मनोज ठाकुर, सचिव विनोद शर्मा, कार्यकारणी सदस्य बीरेंद्र ठाकुर, सुजीत ठाकुर, दिनेश ठाकुर, चौपारण नाई सभा के प्रखंड अध्यक्ष ब्रजकिशोर ठाकुर, सचिव भरत शर्मा, कोषाध्यक्ष सुबोध ठाकुर, सूचना मंत्री तापेश्वर ठाकुर, मार्गदर्शक तुलसी ठाकुर, महामंत्री प्रदीप शर्मा, पुर्व प्रखंड अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी उपाध्यक्ष प्रयाग ठाकुर, बरही प्रखंड अध्यक्ष इंदर ठाकुर, चंदवारा आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मनोज ठाकुर एवं सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## नई सोच नई पहचान के तहत कोरटेवा एग्री साइंस ने किया महिला दिवस का आयोजन

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**




महिला दिवस के अवसर पर कोरटेवा एग्री साइंस कंपनी ने महिला सम्मान गोष्टी का आयोजन कांको पंचायत भवन में किया। जिसमें महिला किसानों ने अपनी सफलताओं को अन्य महिला के साथ साझा किया। कंपनी ने सभी प्रगतिशील महिला का सम्मान किया और कहा आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों के बराबर है और आत्मनिर्भर है। कृषि क्षेत्र में भी महिला आज निर्णय लेकर सही बीज एवं दवा का चुनाव कर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। साथ ही अपने बच्चो का पालन पोषण भी अच्छे ढंग से कर रही है। अपनी आय बढ़ाकर अपने बच्चो को उच्च शिक्षा दे रही है। कंपनी उनके इस हौसले और जज्बे का आदरपूर्वक सम्मान करती है। मौके पर कंपनी के पदाधिकारी समित कुमार ईटी एंड एमडी चंद्राशया भारदुज, एमडीआर नि. रंजन कुमार यादव, मुखिया सुनीता गिरी, गुड़िया देवी, कलावती देवी, बसमतिया देवी, चंपा देवी, देवंती देवी, संगीता देवी, अनार देवी, आरती देवी, रेखा देवी, बबिता देवी, महिला समिति के अध्यक्ष गूंजा देवी, सदस्य प्रियंका कुमारी, अनीता देवी, मंजू देवी, सीता देवी, खुशबू देवी ,सावित्री देवी ,संजू देवी, बेबी देवी, विमला देवी, शांति देवी आदि महिलाएं उपस्थित थी।

## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

––– डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी विकास आपका



**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस




फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे-नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग



नया सोच नया विकास

## भावी मुखिया उम्मीदवार

सोच हमारी विकास आपका

हमे सहयोग करें हम आपके सेवा में

आपके पंचायत का बेटा

## सुनिल गिरी

ग्राम पंचायत बेन्दगी





निवेदक:- श्री कमल गिरी

मोबाइल नं० 8521749112

सुनिल गिरी

भावी मुखिया उम्मीदवार


डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित | एडिटर: सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## रैयतों की भूमि पर बलपूर्वक काम कर रही एनएचएआई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा एनएच 2 सिक्सलेन निर्माण में एनएचएआई द्वारा बल पूर्वक अधिग्रहित भूमि से अधिक भूमि पर काम करने का मामला प्रकाश में आया है ज्ञात हो इस बाबत प्रखंड के गोरहर में भुरूअर्जन के द्वारा अधिग्रहित भूमि से लगभग 20 फीट से अधिक भूमि पर गड्ढा कर पीसीसी कर दिया गया ग्रामीणों के विरोध पर भी एनएचआई के अधिकारी बलपूर्वक काम करवा रहे थे, सूचना मिलने पर जीप सदस्य सदस्य मीना देवी तथा सांसद प्रतिनिधि केदार साव ने निर्माण स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया व अमीन द्वारा मापी करवा कर रैयतों के जमीन को मुक्त करवाया आसपास के सभी जमीन अधिग्रहित भूमि को मापी कर चिन्हित करने की बात कम्पनी के अधिकारियों से की जिप सदस्य मीना देवी ने कहा कि एक तरफ सीओ रैयतों के मुआवजा मांगने पर मुकदमा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बिना मापी के बलपूर्वक अधिग्रहित भुमि से अधिक भूमि पर निर्माण एर्जेंसी काम कर रही है,आखिर रैयत कहां जाएं ? इसी तरह सड़क सुरक्षा मानकों मे लापरवाही के कारण प्रत्येक दिन लोग दुर्घटना से ग्रसित हो रहे है लेकिन निर्माण एजेंसी व एनएचएआई इस विषय पर ध्यान नही दे रहे है मौके पर कार्तिक महतो, गणेश महतो, सुखदेव महतो सहदेव महतो, परमेश्वर महतो, श्यामलाल महतो,मो चंदवा प्रदीप महतो उपस्थित थे ।

## चलकुशा को कोडरमा जिला में शामिल करने को मुख्यमंत्री से मिले युवा नेता आलोक सिंह

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



बरकट्ठा चलकुशा प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व मंत्री हा. फिजुल हसन से वरिष्ठ जेएमएम नेता डॉ कमलनयन सिंह के नेतृत्व में चलकुशा के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की मौके पर युवा नेता आलोक सिंह ने चलकुसा प्रखंड को कोडरमा जिला में शामिल करने व मसकेडीह रेलवे लाईन में ओवरब्रिज या अन्डरपास का निर्माण कराने को लेकर मुख्यमंत्री से मिले। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गंभीरता से लेते हुए अपने सचिव को तुरंत आदेश दिए विभाग के अधिकारियों को जितना जल्द हो जनहित में प्रक्रिया शुरू करें। मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समस्याओ को अवगत कराने में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय बुद्धिजिवी मोर्चा अध्यक्ष डा कमल नयन सिंह, मो तफजुल हुसैन, सुल्तान अन्सारी, पंसस दाउद अली, मो नइम अन्सारी, रूस्तम अन्सारी, नारायण दास शामिल थे ।

## विधायक ने सदन में 1 रुपया प्रति किलोग्राम की दर या कमीशन बढ़ाने की सदन में रखी माँग

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने सदन में 1रुपया प्रति किलोग्राम की दर या कमीशन बढ़ाने की सदन में माँग रखी है। श्री विधायक ने कहा कि झारखंड राज्य में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को 10 रुपये प्रति किलोग्राम के दर से कमीशन देय है जो वर्तमान समय अनुसार बहुत ही कम हैं। मामला सदन में उठने से जन वितरण विक्रेताओं भोला सिंह, केदार यादव, रा. जेंद्र यादव, छोटू यादव, मुकेश राणा, बालदेव यादव, रामलाल सिंह, राजकिशोर सिंह, राजकिशोर चौधरी, फरहाद हुसैन ने आभार जताया हैं।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने कि जरूरत : कुमकुम देवी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा : झारखंड झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी बरकट्ठा के तत्वाधान चुगलामो पंचायत भवन में अंत. रराष्ट्रीय महिला दिवस में महिला सशक्तिकरण के लिए सभा आयोजित की गई, कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी,कांग्रेसी नेता संतोष कुमार देव चुगलामो मुखिया गुड़िया देवी, बर. कनगागों मुखिया प्रति. निधि रामचन्द्र सिंह, गयपहाड़ी मुखिया प्रति. निधि दीपक चंद्रवंसी ,झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अशोक कुमार उपस्थित थे।कार्यक्रम में समूह के महिला द्वारा कुर्सी रेस, सुई धागा , संगीत कार्यक्रम का प्रतियोगिता किया गया। सफल हुए और बेहतर कार्य करने वाली समुह तथा महिला को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कुमकुम देवी ने कही कि महिला सशक्तिकरण में सखी मंडल बेहतर कार्य कर रही हैं,अपने आजी. विका के लिए समुह में कार्यरत करें और महिलाएं किसी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।आज सभी क्षेत्र महिलाएं अपना परचम लहरा रही है। महिला सशक्तिकरण के लिए जरूरी है कि आप आत्मनिर्भर बनें साथ ही संस्था जुड़कर प्रशिक्षण लें। चुगलामो मुखिया गुड़िया देवी ने कहा कि महिलाओं के बिना संसार के अस्तित्व नहीं हो सकता। कार्यक्रम में चुगलामो संकुल के समन्वयक सुनील चौधरी,आईपीआरपी करुणा टूटी, सखी मंडल चुगलामो आजीविका महिला संकुल के अध्यक्ष खुशबू कुमारी, सचिव सोनी कुमारी, कोषाध्यक्ष गुड्डी कुमारी संकुल अकाउंटेंट यशोदा कुमारी, चुगलामो के सक्रिय प्रिया कुमारी, बरकानगागो के सक्रिय ज्योति देवी, गैड़ा सक्रिय सकून कुमारी, तुर्कबाद सक्रिय सरिता कुमारी, केंदुवा सक्रिय खुशबू देवी, फाइनेंशियल लिटरेसी कैडर मीनाक्षी चौधरी और सबिता देवी समेत सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।






दिनांक: 09-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज


बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 05

# लता मंगेशकर व बप्पी लहरी की स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह

## आर.के. ग्लोबल स्कूल की छात्राओं ने नृत्य एवं गायन में सुंदर प्रस्तुति कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**






भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर एवं डिस्को के प्रणेता महान संगीतकार बप्पी लहरी की कला पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों ने भव्य रूप से जो प्रखंड के नईटांड में किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमुआ अंचलाधिकारी, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख श्रीमती सुलोचना देवी ने किया। इस कार्यक्रम में जमुआ, राजधनवार और बिरनी प्रखंड से 51 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। बिरनी से आर.के.ग्लोबल स्कूल जनता जरीडीह की छात्रा रूपा कुमारी डांस में सीजल कुमारी एवं शिक्षिका ललिता वर्मा सिंगिंग में सुंदर प्रस्तुति कर दर्शकों का मन मोह लिया। बेहतर परफॉर्मेंस के कारण आर.के ग्लोबल स्कूल के सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुभाष चन्द्र बोस चौक पर नेताजी को श्रद्धांजलि दी गई। फिर लोगों ने कार्यक्रम स्थल पर आकर लता मंगेशकर एवं बप्पी लहरी की तस्वीर पर पुष्प अर्पण किया। जमुआ के सीओ द्वारिका बैठा ने कहा कि वास्तविक रत्न थी लता और बप्पी दा0। आधुनिक संगीत के जन्मदाता थे। जमुआ के बीईओ विद्यासागर मेहता ने कहा कि स्कूली बच्चों ने परफॉर्मेंस किया उससे लगता है कि बच्चे भी बहुत प्रतिभावान हैं। उनकी फन और प्रतिभा में निखार लाने के लिए ऐसे कार्यक्रम जरूरी है। आयोजक संस्था १आवाज दो हम एक हैं १ मानव प्रेरणा केंद्र, सुकन्या राहत फाउंडेशन संगठनों द्वारा कार्यक्रम का सूत्रपात किया गया ।मंच का संचालन विनोद वर्मा रत्न विवेक राज पांडेय ने किया। संयोजन प्रदीप सिन्हा सूर्यकांत वर्मा रविंद्र विद्यार्थी फरीद आलम सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति, ग्रामीण मौजूद थे।

# गावां में मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं मनरेगा कर्मियों ने किया एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गावां प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष बुधवार को संयुक्त संघर्ष संघ के बैनर तले प्रखण्ड के सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं मनरेगा कर्मियों ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर सरकार और उनके अधिकारियों के द्वारा मनरेगा कर्मियों, मुखिया ,पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक पर किये गए एफआईआर का विरोध किया। कहा कि हमलोग सरकार के ऐसे कार्यो से काफी नाराज है और कड़ी निंदा करते है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा अधिनियम के तहत अगर किसी पंचायत में किसी पदाधिकारी के द्वारा कोई अनियमितता बरती गई है तो उसके लिए सरकार उक्त व्यक्ति पर जुर्माना लगाए या पैसों की रिकवरी करे लेकिन ऐसा न कर कुछ मुखिया एवं पदाधिकारियों पर एफआइआर कर दिया गया है जो किसी भी नजरिये से उचित नही है। उन्होंने सरकार के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि थोड़ी बहुत गड़बड़ियों के लिए अधिकारियों ने डरा धमका कर मुद्रमोचन करने का प्रयास किया लेकिन जब उन्हें पैसे नही दिए गए तो उन्होंने एफआइआर कर दिया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा अधिनियम के तहत एफआइआर करने कोई प्रावधान नही है इसलिए उन्होंने सरकार से मांग किया है जिन लोगो पर अनियमितता के आरोप में एफआइआर किया गया उसे वापस लेकर केस को खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि केस वापस नही लिया गया तो 12 मार्च को हमलोग जिला समाहरणालय के समक्ष धरना देने को बाध्य होंगे और उसके बाद भी अगर कोई पहल नही किया गया तो 15 मार्च के बाद से राज्य के सभी मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक और मनरेगा कर्मी हड़ताल पर चले जायेंगे। मौके पर प्रखण्ड से सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं दर्जनों की संख्या में मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

# स्वयंसेवी संस्थान अमन एकता समाज कमिटी ने चलाया सफाई अभियान

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड के पिहरा पूर्वी पंचायत में बुधवार को स्वयंसेवी संस्थान अमन एकता समाज कमिटी ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सड़क पर कूड़े कचरे और मिट्टी के अंश को साफ किया और जगह जगह पानी का छिड़काव किया। समिति के अध्यक्ष मो0 मोफिज आलम ने बताया कि पिहरा पंचायत के मानपुर आदि गांवों के सड़कों पर काफी दिनों से मिट्टी के अंश जम जाने के कारण सड़क संकीर्ण हो गया है। साथ ही अगर किसी तरह से भी सड़क पर थोड़ी बहुत पानी भी गिर जाता है तो काफी गंदगी हो जाता है जिससे लोग फिसल फिसल कर गिरने लगते है। उक्त सभी समस्याओं को देखते हुए आज कमिटी के नौजवानों ने काफी जोशो खरोश के साथ सफाई अभियान चलाने का काम किया। समिति के सक्रीय सदस्य मो0 यूसुफ आलम ने बताया की अमन एकता समाज कमिटी पिछले तीन वर्षो से और कोरोना काल के दौरान बहुत सारी जनकल्याणकारी कार्यो को करते हुए आम जनता को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है। पिछले तीन वर्षो में संस्थान का काम सराहनीय रहा है। मौके पर मो0 रुस्तम, आफताब आलम, मो0 जावेद, गुड्डू आलम, सद्दाम हुसैन, मो0 शमशाद आलम आदि दर्जनों नौजवान सामिल थे।

# राज्य सम्मेलन की तैयारी को लेकर गांवा बजार में आर0 वाई0 ए0 ने चलाया कोष संग्रह अभियान

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



झारखंड आर0वाई0ए0 के चौथे राज्य सम्मेलन जो धनबाद के गोविंदपुर अग्रसेन भवन में आयोजित है कि तैयारी को लेकर आज गांवा बजार में कोष संग्रह अभियान चलाया गया। इस अभियान में बतौर मुख्य अतिथि आर0वाई0ए0 जिला सचिव अशोक मिस्त्री मौजूद थे। संबोधित करते हुए जिला सचिव अशोक मिस्त्री ने कहा कि दो करोड़ सालाना रोजगार का वादा कर सत्ता में आई केंद्र की भाजपा सरकार और पांच लाख सालाना रोजगार का वादा कर राज्य की सत्ता में आई हेमंत सरकार ने नौजवानों के साथ महज छलावा ही किया है। हमारा राज्य सम्मेलन ऐसे दौर में होने जा रहा है जब राज्य की हेमंत सरकार भाषा के नाम पर उलझा कर नौजवानों को रोजगार के मुद्दे से भटकाने की साजिश कर रही है।वर्ष 2021 को नियुक्तियों का वर्ष घोषित करने के बावजूद नियुक्तियों के नाम पर बस पेपरबाजी ही चल रहा है। जब झारखण्ड के नौजवान रोजगार और नियुक्तियों के लिए निर्णायक लड़ाई के मूड में हैं तब भाजपा पूरे राज्य में साम्प्रदायिक तनाव बढ़ाने में लगी है और युवाओं के आंदोलन को भटकाने की साजिश कर रही है। आगामी राज्य सम्मेलन राज्य के विभिन्न तबकों के नौजवानों की मुखर आवाज बनने का संकल्प लेगी और राज्य के अंदर खतियान आधारित स्थानीयता नीति बनाने को लेकर बड़े आंदोलन की दिशा में आगे बढ़ेगी। जिले के विभिन्न पंचायतों में सघन सदस्यता अभियान चलाते हुए राज्य सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। वहीं निर्णय लिया गया कि गांवा से सैकड़ों की संख्या में नौजवान राज्य सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस अभियान में प्रखंड अध्यक्ष सकलदेव यादव, प्रखंड उप सचिव आनंदी यादव, पवन चौधरी सुखदेव यादव आदि लोग मौजूद थे।

# गावां प्रखंड मुख्यालय के सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज्यूरी मिशन बदलाव के डीआरपी बैजनाथ प्रसाद वर्मा उपस्थित थे। ईद दौरान श्री वर्मा ने बताया कि प्रखंड में निवास करने वाले आदिम जनजातियों को राशन घर तक नहीं पहुंचाया जा रहा है, यह बहुत गम्भीर मामला है। इसके लिये संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि डाकिया योजना के तहत आदिम जनजातियों के घरों तक राशन पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लाभुकों के राशन कटौती का मामला भी प्रकाश में आया है, जिसे देखते हुए पूरा पूरा राशन देने एवं अब तक के काटे गए राशन को भी देने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि जिन लोगो के पास आधार कार्ड नही है उसे बनवाया जाए। आदिम जनजातियों को आवास के लिए भूमि देकर आवास का निर्माण कराने का प्रावधान है जिसे अतिशीघ्र कराया जाए। कई लाभुक का पेंशन चालू नही है उसे चालू किया जाए और जिलास्तरीय जनसुनवाई के लिये अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई में बीडीओ दीपक प्रसाद, प्रखंड के एमओ प्रदीप राम , उप प्रमुख नवीन यादव, जिप सदस्य इमरान अंसारी, सीएसओ विकाश कुमार, बीआरपी संजय कुमार दास, मनोहर दास, सहायता समूह की महिलाएं ,आदिम जनजाति लाभुक व उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कृमि मुक्ति दिवस के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय निजी विद्यालयो की बैठक।

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



आज सदर अस्पताल गिरीडीह के सभागार में जिले के सभी निजी विद्यालय के संचालको के साथ एक बैठक रखी गई ।जिसमे यह जानकारी जोनल अ०फिसर गौतम घोष ने दी और बताया गया कि कोरोना काल मे काम बहुत ही प्रभावित हुआ था ।लगभग 5 सालो से यह कार्यक्रम जारी है ।जिसमें जिलों के सभी निजी विद्यालय के संचालको को बुलाकर कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने हेतु जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक रखी गई ।और सभी निजी विद्यालयो की बच्चे की गिनती करके सभी को अबेंडाजोल की दवाई दी गई। जिससे निजी विद्यालय अपने विद्यार्थियों को कल 10 मार्च को दवाई खिलाई जाएगी ।और दूसरा जो बच्चे छूट जाएंगे फिर से 14 मार्च तक कार्य पूरा करना है।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## जमुआ प्रशासन और खोरिमहुआ एसडीओ को दिया आत्मदाह करने की चेतावनी

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**




आजसू जमुआ प्रखण्ड अध्यक्ष गौतम सागर राणा ने पांच सूत्री मांगों पर कार्यवाही नहीं करने को लेकर बारह मार्च को जमुआ प्रखंड कार्यालय परिसर में आत्मदाह करने की चेतावनी जारी की है जिसका लिखित सूचना जमुआ बीडीओ, जमुआ थाना प्रभारी, खोरीमहुआ एसडीओ, खोरिमहुआ एसडीपीओ, डीएसओ गिरिडीह और एमओ जमुआ को दिया है। गौतम सागर राणा का कहना है कि पुरे जमुआ प्रखंड में पीडीएस सिस्टम भ्रष्टाचार में लिप्त है। पीडीएस डीलर कार्डधारियो का राशन वितरण ना कर बेच रहे हैं जिसमे विभागीय अधिकारियों का भी सांठगांठ है। पूरे गिरिडीह जिला में पीडीएस सिस्टम चरमरा गई है डीलर राशन गबन कर रहे हैं और अधिकारी कार्यवाही करने से बच रहे हैं।

## एलआइसी ऑफिस शाखा गिरिडीह में अभिकर्ता कश्र्नर में फैला रहता है गंदगी

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**



एक तरफ पूरे देश में एलआइसी अपना परचम लहरा रही है जिसका नीव अभिकर्ताओं पर टिकी हुई है। दूसरी तरफ गिरिडीह एलआइसी अ०फिस शाखा में अभिकर्ताओं के लिए जो कक्ष बनाया गया है उसकी साफ सफाई कभी नहीं की जाती है जिसके कारण अभिकर्ताओं को कार्य करने में बहुत अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। अभिकर्ताओं के द्वारा शिकायत करने पर भी ध्यान नहीं दिया जाता है एलआइसी प्रबंधन को इस विषय पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करने की जरूरत है अन्यथा गिरिडीह लियाफी इस विषय को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी।

## रजिस्ट्री ऑफिस में व्याप्त मनमानी व घूसखोरी के खिलाफ डीड राइटरों ने खोला मोर्चा, किया रजिस्ट्री कार्यो का बहिष्कार।

## आज नहीं हुई कोई रजिस्ट्री।

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**






भाकपा माले ने दिया आंदोलन को समर्थन। कहा, रजिस्ट्री ऑफिस बन गया है घूसखोरी का बड़ा अड्डा, प्रशासन लगाए रोक। गिरिडीह भू-निबंधन कार्यालय में लंबे समय से हो रही मनमानी तथा घूसखोरी के खिलाफ आखिरकार डीड राइटरों का गुस्सा फूट पड़ा और रजिस्ट्री कार्य के बहिष्कार के साथ आज उन्होंने इसके खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया और आंदोलन में साथ देने के लिए भाकपा माले को याद किया।सूचना मिलने पर माले के जिला सचिव पुरन महतो, पार्टी नेता राजेश यादव तथा राजेश सिन्हा ने रजिस्ट्री ऑौफिस पहुंचकर आंदोलन का नेतृत्व किया और कहा कि, वास्तव में गिरिडीह रजिस्ट्री ऑौफिस घूसखोरी का बड़ा अड्डा बन चुका है। सारे दुरुस्त कागजातों के साथ रजिस्ट्री कराने आए लोगों को भी बेवजह परेशान किया जाता है।माले नेताओं ने जिला प्रशासन तथा सरकार से गिरिडीह रजिस्ट्री ऑफिस में व्याप्त मनमानी और खुलेआम घूसखोरी पर अविलंब रोक लगाने की मांग की। कहा कि, रजिस्ट्रार ने अपने कर्मियों को वसूली करने की खुली छूट दे रखी है। बड़े-बड़े भू-माफियाओं द्वारा अपनी रजिस्ट्री के लिए मुंह मांगी कीमत दी जाती है, जिसका खामियाजा अब जिले के आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि अब आम लोगों से भी उनकी थोड़ी बहुत जमीन की रजिस्ट्री के लिए भी मनमाने तरीके से रिश्वत की मांग की जाने लगी है, और पैसा नहीं देने पर उनका काम किसी ना किसी बहाने पेंडिंग कर दिया जा रहा है।कहा कि, यदि इस अल्टीमेटम के बाद भी रजिस्ट्री ऑौफिस के रवैए में सुधार नहीं हुआ तो दस्तावेज नविसों तथा आम जनता के साथ मिलकर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।आज के आंदोलन में मुख्य रूप से डीडराइटर अरविंद प्रसाद, प्रकाश यादव, जगदीश यादव, रंजीत प्रसाद सिन्हा, विरेंद्र कुमार सिन्हा, मंजूर अंसारी, रविंद्र पाठक, राम प्रसाद कुशवाहा, नंद किशोर सिन्हा, श्याम शर्मा, राज किशोर वर्मा, बालेश्वर पंडित, लखन वर्मा, विश्वनाथ यादव, राजकुमार सिंह, प्रसादी नारायण यादव, गौरीशंकर राणा, पंकज कुमार, विश्वनाथ पांडे, वीरेंद्र कुमार, गोपाल यादव, रूपलाल, अशोक कुमार, सुजीत कुमार सिन्हा, राजेश यादव, अभिषेक वर्मा, विजय कुमा,र कृष्णानंद वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## सुरक्षा को लेकर एनटीपीसी सम्मानित

## एनटीपीसी में सुरक्षा सर्वोपरि, जीरो दुर्घटना नियम के तहत होता है कार्य : कार्यकारी निदेशक

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




केंद्रीय श्रम मंत्री से पुरस्कार ग्रहण करते एनटीपीसी के अधिकारी

बड़कागांव विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय खनन सुरक्षा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एनटीपीसी पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को उपविजेता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव के हाथों पुरस्कार प्रदान किया।परियोजना की तरफ से खनन प्रबन्धक पवन खांडवे एवं अभियंता कैलाश कुमार महतो ने पुरस्कार प्राप्त किया।परियोजना के कार्यकारी निदेशक एम.वी. आर.रेड्डी ने कहा कि हमें यह पुरस्कार टीम भावना एवं सुरक्षा के सभी मापदण्डों के साथ काम करने के कारण ही प्राप्त हुआ है। हमें आगे भी इसी भावना के साथ काम करना है और अपने निर्धारित लक्ष्यों को सुरक्षा के साथ प्राप्त करना है।एनटीपीसी की खदान में ज़ीरो दुर्घटना नियम के तहत खनन कार्य किया जाता है। एनटीपीसी के लिए सुरक्षा हमेशा से सर्वोपरि रही है।

## आर्य कर्ण निधि लिमिटेड में महिला सशक्तिकरण को लेकर हुई बैठक कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बैठक में शामिल लोग

आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के तत्वाधान में बड़कागांव कार्यालय में बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता आरके इन्फोटेक के डायरेक्टर रूपा कुमारी एवं संचालन सुनीता कुमारी ने किया। महिला सशक्तिकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें महिलाओं को खाता खुलवाने एवं भविष्य के लिए कुछ पैसे बचाने की सलाह दी गई।रूपा कुमारी ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उपहार देकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार ने कहा की महिला स्वालंबन हेतु आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के सभी सेक्टर में ज०ब के लिए महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि वे अपने घर परिवार की जीविकोपार्जन अच्छी तरफ से कर सकें।आर्य कर्ण फौंडेशन के अध्यक्ष सरोज सोनी ने फाउंडेशन की ओर से अप्रैल माह से महिलाओं को बृहद पैमाने पर सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण देने की घोषणा की।मौके पर आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के एमडी देवदीप महतो,पवन कुमार ,सरोज सोनी,विनोद सिन्हा, चोहान साव ,चिंतामणि साव,धर्मनाथ महतो,विकास कुमार रवि,संजय साव,अशोक महतो,कृष्ण दीप कुमार,महेंद्र पांडे,सुनीता देवी किरण कुमारी,खुशबू देवी,सोनी देवी,सोनिया कुमारी,नेहा कुमारी,मुन आरा,पुष्पांजलि वर्मा,सकीना परवीन,प्रिया कुमारी,निशा कुमारी ,कविता देवी,उषा देवी के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रखंड कर्मियों के द्वारा एक दिवसीय धरना

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड मुख्यालय बिरनी में महासंघ के निदेशानुसार संयुक्त संघर्ष मोर्चा के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत सचिव संघ,जनसेवक संघ,मनरेगा संघ के द्वारा एक दिवसीय धरना जिला ध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा के अध्यक्षता में दिया गया धरना का संचालन लक्ष्मण तुरी ने किया वही धरना को सम्बोधित करते हुए विश्वकर्मा ने कहा कि मनरेगा योजना का समवर्ती अंकेक्षण में सोशल अ०डिट यूनिट कर मनगढ़ंत रिपोर्ट पर जिला प्रशासन ने जो प्राथमिकी कर्मचारियों पर दर्ज किया है वह बिल्कुल गलत है इसे तुरन्त वापस लेना होगा वहीं धरना को सम्बोधित करते हुए पंचायत सचिव राजकुमार पस्वाननर ने कहा कि आज प्रखंड मुख्यालय में धरना है 12 मार्च को जिला मुख्यालय में रोषपूर्ण धरना दिया जायेगा इसके बाद भी प्राथमिकी वापस नही हुई तो बाध्य होकर 15 मार्च से सभी क्षेत्रीय कर्मचारी अनिश्चितक्लीन धरना देंगे जिसके बाद सम्पूर्ण जिम्मेवारी जिला प्रशासन होगी जिसमें जितेंद्र प्रसाद वर्मा,महेश दास,राजदेव विश्वकर्मा ,कपिलदेव रजक, कमलेश्वरी तिवारी,रामकिशोर महतो, रमेश बैठासुरेंद्र महतो,देवेन्द्र मण्डल,रंजीत महतो,तुलसी राम,राहुल गुप्ता,जितेश दास आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## एनटीपीसी विस्थापितो – प्रभावितो को नौकरी दें वरना होगा उग्र आंदोलन : रोशनलाल चौधरी

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कर्णपुरा विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति ने 8 सूत्री मांगों को लेकर एनटीपीसी सीकरी साइड कार्यालय में धरना प्रदर्शन घेराव किया गया।जिसकी अध्यक्षता कर्णपुरा विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुशवाहा तथा संचालन आजसू जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनटीपीसी अपनी मन. मानी रवैया हटाए और विस्थापितों एवं प्रभावितों को उनका मूल हक और अधिकार दे। विगत पिछले 6 साल से एनटीपीसी कोयला खनन का कार्य कर रही है परंतु विस्थापित एवं प्रभावितों को रोजगार से जोड़ा नहीं गया है नवयुवक बेरोजगार लोग पलायन को मजबूर हो रहे हैं । जबकि कंपनी बाहरी लोगों से काम करवा रही है। हम एनटीपीसी को इस आंदोलन के माध्यम से अवगत कराना चाहते हैं कि आप के अधीन कार्य कर रहे त्रिवेणी सैनिक एवं कन्वेयर बेल्ट के शिव शक्ति कंस्ट्रक्शन जल्द से जल्द रोजगार मुहैया कराए वरना उग्र आंदोलन किया जाएगा। एनटीपीसी की मनमानी और गलत रवैया के कारण ही पिछले दिन एनटीपीसी टंडवा में बहुत ही बड़ा हादसा हुआ जिसकी में घोर निंदा करता हूं। बड़कागांव केरेडारी में ऐसी घटना ना हो इसके लिए एनटीपीसी को सावधान होने की जरूरत है। आंदोलन के दौरान एनटीपीसी के मुख्य प्रबंधक अधिकारियों के साथ रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में वार्ता हुई जिसमें कर्णपुरा विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति ने अपने 8 सूत्री मांगों को रखा जिसमें से 18 वर्ष से ऊपर के सदस्यों को एकल परिवार का दर्जा दिया जाए तथा सभी एकल परिवारों को नौकरी सहित पुनर्वास सुविधा की व्यवस्था कि जाए, गैरमजरूआ जमीन का मुआवजा भी रैयती जमीन की दर से दिया जाए। विस्थापित परिवारों बच्चों के लिए सीबीएसई पैटर्न विद्यालय एवं उच्च स्तरीय पठन-पाठन की व्यवस्था की जाएं। पेंशन प्रति एकड़ 10000 तथा 1 एकड़ से कम जमीन वाले वालों को 7500 की दर से दिया जाए, विस्थापित ग्रामीणों को जल, बिजली और कोयला की निशुल्क व्यवस्था की जाए, विस्थापित को घर सहित 10 डिसमिल नि. बंधन जमीन दिया जाए, प्रत्येक 18 वर्ष से अधिक उम्र वालों को विस्थापित का दर्जा दिया जाए, कोयला मंत्रालय भारत सरकार नवरत्न कंपनी के लिए आर एंड आर प०लिसी झारखंड सरकार लागू करें ,कंपनी में बाहरी मजदूर हटाकर लोकल ग्रामीणों को रखा जाए सहित कई मांगे रखी गई। आंदोलन में मुख्य वक्ता विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति पतरातु महासचिव भुनेश्वर महतो,आजसू बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो ,पतरातू प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष भोला महतो, जिला परिषद सदस्य मांडू नरेश महतो, जिला उपाध्यक्ष रामगढ़ नित्यानंद कुमार, बींदेश बेदिया, प्रखंड सचिव मनोज दांगी ,उषा देवी ,कंचन यादव ,तेजन महतो, कामेश्वर महतो ,राजदेव महतो, अशोक प्रजापति ,अर्जुन महतो ने संबोधित किया। आंदोलन में शामिल लोगों में मुख्य रूप से रा. जेश्वर महतो, कामेश्वर महतो, तुलेश्वर महतो ,तुलसी राम ,टुनटुन कुमार ,विश्वकर्मा अजय कुमार, जितेंद्र कुमार ,हरीलाल महतो, देवा कुमार ,दिलीप कुमार ,शशि कुमार, योगेंद्र महतो ,सुधीर कुमार, दिलीप महतो ,सुरेंद्र राम ,रंजन राम, हेम नारायण कुमार ,बालेश्वर महतो, कृ ष्णा कुशवाहा, मनीष कुमार ,अजय महतो ,कैला महतो ,दिवाकर मिस्त्री, दिलीप मिस्त्री ,महेंद्र वर्मा , आदि उपस्थित थे।

## 14 मार्च को भाजयुमो का होली मिलन समारोह
### पूर्व विधायक मनोज यादव व भाजपा जिला अध्यक्ष होंगे मुख्यातिथि

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



आगामी 14 मार्च को भा. जपा युवा मोर्चा का प्रखण्ड स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन होगा। उक्त बातो की जानकारी देते हुए भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह व आशीष गुप्ता ने बताया कि युवा मोर्चा के प्रखण्ड स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन बसरिया पंचायत के कठम्बा में आयोजित किया जाएगा। समारोह को सफल व भव्य बनाने के लिए बुधवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा व सुरेश गुप्ता के अगुवाई में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में कार्यक्रम आयोजन व युवा मोर्चा के बूथ लेबल के कार्यकर्ताओ को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित होंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, सांसद प्रतिनिधि मकुंद साव, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष सुरेश कुमार साव, महामंत्री अरविंद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, मनीष सिन्हा, भाजयुमों महामंत्री मुकेश सिंह, पिंटू सोनी, बी के सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एनएम ओपीएस ने चलाई जनसंपर्क अभियान

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




पुरानी पेंशन बहाली हेतु राष्ट्रीय आंदोलन जिला इकाई गिरिडीह के जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा के अगुवाई में आज एनएमओपीएस की 13 मार्च को होने वाली जिला अधिवेशन के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया गया। आज के जनसंपर्क अभियान में प्रखंड कार्यालय और अंचल कार्यालय गिरिडीह जिला कोषागार गिरिडीह सदर अनुमंडल गिरिडीह और सदर अस्पताल गिरिडीह का दौरा एनएमओपीएस की टीम नौशाद समा मि. थुन राज राजेश कुमार सिंह ऋषि कांत सीना विकास सिन्हा अवधेश कुमार और बम शंकर राय के सामूहिक रूप से इन कार्यालयों के एनपीएस कर्मचारियों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से जिला अधिवेशन की सफलता और रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कहा गया की 13 मार्च के अधिवेशन से एनपीएस कर्मियों की पुरानी मांग पुरानी पेंशन बहाल करो पुरानी पेंशन हमारा हक है पुरानी पेंशन लेकर रहेंगे के दृढ़ निश्चय के साथ अधिक से अधिक पेंशन विहीन साथी इस महा अधिवेशन में भाग लेंगे और अपने एकजुटता का परिचय देते हुए पुरानी पेंशन बहाली की बुलंद आवाज सुबे के मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन के कानों तक पहुंचाएंगे आप जानते हैं पुरानी पेंशन के संघर्ष लगातार जारी है और प्रदेश नेतृत्व के साथ-साथ राष्ट्रीय नेतृत्व के सफल प्रयास से राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा अपने सदन से की है एनएमओपीएस गिरिडीह मांग करती है झारखंड की सरकार अपने वादे के मुताबिक पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा इस विधानसभा के सत्र में करें और अपना सरकारी सरक. ारी कर्मचारियों से किए गए वचन को पूरा करें और पुरानी पेंशन को हमारा है हक है दे दे।

## कांग्रेस पार्टी की होली मिलन समारोह 14 मार्च को

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित विधायक कार्यालय में होली मिलन समारोह मनाने को लेकर प्रखंड कांग्रेस की विशेष बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे एवं संचालन संजय कुमार ने किया। बैठक में 14 मार्च को झारखंड इंटर क०लेज में भव्य होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने कहा कि 14 तारीख को होली मिलन समारोह किया जाएगा जिसमें विधायक अंबा प्रसाद के अलावा सभी पंचायत के अध्यक्ष ,सचिव कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में शामिल लोगों में मुख्य रूप से सुरेश प्रसाद, पदुम साव, शमीम अहमद ,वाहिद अली, मोहम्मद रफुल ,विजय पासवान के अलावा कई कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।










डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित    एडिटर: सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार